ऑपरेशन कायाकल्प

चर्चा में क्यों?

25 अप्रैल, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य द्वारा संचालित स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत पारंपरिक शिक्षण पद्धति के साथ तकनीक आधारित शिक्षा का प्रयोग किया जा रहा है।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश में शिक्षा सुविधाओं में लगातार सुधार लाने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों को 'स्मार्ट स्कूलों' में बदला जाएगा।
- इसके तहत लगभग 30,000 माध्यमिक विद्यालय स्मार्ट कक्षाओं, खेल के मैदानों, उचित शौचालयों, पुस्तकालयों, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, कला कक्षों और अन्य आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किये जाएंगे।
- इसी संदर्भ में सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प को पूरा करने और सरकारी स्कूलों को सुविधाओं एवं बुनियादी ढाँचे के मामले में निजी स्कूलों के बराबर बनाने के लिये एक कार्य योजना तैयार की गई है।
- उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'ऑपरेशन कायाकल्प' की शुरुआत वर्ष 2019 में की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/operation-kayakalp